# महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

पत्रांक–9519/कु0का0/2026 दिनांक 22/08/2026

## कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन संख्या 03/2025 दिनांक–25.03.2025 के क्रम में संशोधन पत्रांक–9002/कु0का0/2026 दिनांक–30.06.2026 के आलोक में असिस्टेंट प्रोफेसर पद हेतु कुल 24 विषयों (अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, इतिहास, कम्प्यूटर विज्ञान, गणित, गृह विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार, प्रबंधन एवं व्यवसाय प्रशासन, भूगोल, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, वाणिज्य, विधि, संस्कृत, समाजशास्त्र, समेकित विज्ञान, हिन्दी, जन्तु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृषि अर्थशास्त्र एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन, आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंधन) के संवीक्षा समिति (स्क्रूटनी कमेटी) द्वारा मूल्यांकित ए0पी0आई0 स्कोर, आवश्यक टिप्पणी सहित विश्वविद्यालय के बेबसाइट www.msdu.ac.in पर निर्गत कर दिये गये हैं। संबंधित अभ्यर्थीगण ए0पी0आई0 स्कोर आदि का अवलोकन कर सकते हैं, तथा यदि कोई विसंगति हो तो उसे ई–मेल recruitment@msdsu.ac.in के माध्यम से साक्ष्य सहित दिनांक– **30.08.2026** तक भेज सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा आपत्तियां केवल उक्त ई–मेल के माध्यम से ही स्वीकार किये जाएगें। अभ्यर्थीगण अपने प्रत्यावेदन में ऑनलाइन फार्म संख्या, आवेदित पद का नाम, विषय तथा विसंगति के विवरण को स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए उक्त ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करेंगे। जिन अभ्यर्थियों के नाम के सम्मुख टिप्पणी में (No hard copy of form & documents recieved) अंकित है वे भी अपने संबंधित अभिलेख एकल पीडीएफ (Single PDF) के माध्यम से ही प्रेषित करेंगे। किसी अन्य माध्यम से कोई भी अभिलेख/आपत्तियां स्वीकार नहीं की जायेंगी।

उक्त के क्रम में यह भी सूच्य है कि दृश्य कला एवं एनिमेशन विषय का ए0पी0आई0 स्कोर तकनीकी कारणों से रोका गया है, इस संबंध में विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर पृथक से सूचना प्रेषित की जाएगी।

22/8/26
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
3. संबंधित सहा0 कुलसचिव, महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
4. एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव